(b) Cases for the formation of these Telephone Advisory Committees are being processed.

(c) and (d). Telephone Advisory Committees represents various categories of interests *viz.* Trade, Commerce and Industry, Press, Medical Profession, Legal Profession, State Legislature, Members of Parliament etc.; and no representation to political parties as such is given.

श्री गंगानगर, राजस्थान में कृषि विश्वविद्यालय

1911. **श्री मनफूल सिंह चौधरी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में खाद्यान्न, तिलहन तथा अन्य फसलों का जिलावार अनुपात क्या है ;

(ख) क्या श्री गंगा नगर जिले में एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने की कोई योजना तैयार की गई है; और

(ग) क्या ग्रामीण उत्थान विद्यापीठ, संग्रिया/सेण्ट्रल स्टेट फार्म, सूरतगढ़ को कृषि विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने का विचार है ?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन्) : (क) खाद्यान्न फसलों, तिलहनों तथा अन्य फसलों के जिलावार उत्पादन का विवरण सभापटल पर रख दिया गया है । [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए** संख्या एल० टी० —1482/80] ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् । राजस्थान के श्री गंगा नगर जिले में कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने के किसी प्रस्ताव का हमें पता नहीं है ।

(ग) जी नहीं, श्रीमान् । विश्वविद्यालय का कृषि कम्पलैक्स राज्य की सेवा एक कृषि विश्वविद्यालय के रूप में कर रहा है । कृषि विश्वविद्यालयों पर समीक्षा समिति की यह सिफारिश है कि उदयपुर विश्वविद्यालय के कृषि कम्पलैक्स को पूर्णरूपेण कृषि विश्वविद्यालय में बदल देना चाहिए । केन्द्रीय राज्य फार्म, सूरतगढ़ पर ग्रामीण उत्थान विद्यापीठ, संगरिया को कृषि विश्वविद्यालय के रूप में बदलने के बारे में सरकार को कोई सूचना नहीं है ।

सोन चिड़िया की नस्ल का लोप होना

1912. **श्री छीतू भाई गामित** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 'नव-भारत टाइम्स' दिनांक 19 अगस्त, 1980 में छपे इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि "सोन चिड़िया" नाम से जाना जाने वाला गोडावण (बस्टर्ड) पक्षी भारत में सैकड़ों वर्ष पूर्व काफी संख्या में पाया जाता था परन्तु इसके सुनहरी पंखों तथा स्वादिष्ट मांस के कारण उसकी नस्ल का लोप हो रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि यह पक्षी हाल ही में मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में देखा गया था; और

(ग) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार इस पक्षी की नस्ल को विलुप्त होने से बचाने के लिए कदम उठा रही है ?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन्) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) सरकार को "ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड" नामक पक्षी की संख्या में ह्रास होने की जानकारी है । सरकार ने इस नस्ल के संरक्षण के लिए निम्नलिखित कदम उठाये हैं :